~~~

Series #CDBA/S

Set – 1

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **32/S/1**

अनुक्रमांक
Roll No.

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **21 + 1** मानचित्र हैं ।*
- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **37** प्रश्न हैं ।*
- *प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।*
- ***कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।***
- *इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।*
- *Please check that this question paper contains **21** printed pages **+1** Map.*
- *Please check that this question paper contains **37** questions.*
- *Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.*
- ***Please write down the serial number of the question in the answer-book before attempting it.***
- *15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.*

# सामाजिक विज्ञान
# SOCIAL SCIENCE

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 80*

*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 80*
~~~

*सामान्य निर्देश :*

*निम्नलिखित निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उनका पालन कीजिए :*

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में **37** प्रश्न हैं । **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं ।*

*(ii)* *प्रश्न-पत्र **छः** खण्डों में विभाजित है – **खण्ड क, ख, ग, घ, ङ** एवं **च** ।*

*(iii)* ***खण्ड क** – प्रश्न संख्या **1** से **20** बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है ।*

*(iv)* ***खण्ड ख** – प्रश्न संख्या **21** से **24** अति लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **2** अंकों का है । इन प्रश्नों का उत्तर **40** शब्दों से अधिक नहीं लिखा जाना चाहिए ।*

*(v)* ***खण्ड ग** – प्रश्न संख्या **25** से **29** लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **3** अंकों का है । इन प्रश्नों का उत्तर **60** शब्दों से अधिक नहीं लिखा जाना चाहिए ।*

*(vi)* ***खण्ड घ** – प्रश्न संख्या **30** से **33** दीर्घ-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **5** अंकों का है । इन प्रश्नों का उत्तर **120** शब्दों से अधिक नहीं लिखा जाना चाहिए ।*

*(vii)* ***खण्ड ङ** – प्रश्न संख्या **34** से **36** केस-आधारित/स्रोत-आधारित प्रश्न हैं जिनमें तीन उप-प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **4** अंकों का है ।*

*(viii)* ***खण्ड च** – प्रश्न संख्या **37** मानचित्र कौशल-आधारित प्रश्न है जिसमें दो भाग हैं – **37(a)** इतिहास (**2** अंक) और **37(b)** – भूगोल (**3** अंक) । इस प्रश्न के कुल **5** अंक हैं ।*

*(ix)* *इसके अतिरिक्त, ध्यान दें कि दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए फोटो तथा मानचित्र आदि आधारित प्रश्नों के स्थान पर एक अन्य प्रश्न दिया गया है । इन प्रश्नों के उत्तर केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थी ही लिखें ।*

## खण्ड क

**(बहुविकल्पीय प्रश्न)** *(20×1=20)*

**1.** उन्नीसवीं शताब्दी में ‘उदारवाद’ के संदर्भ में निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए : *1*

(A) राजतंत्र, सामाजिक ऊँच-नीच और संपत्ति को बनाए रखना चाहिए।

(B) वस्तुओं तथा पूँजी के आवागमन पर राज्य के नियंत्रणों की समाप्ति।

(C) तर्क-वितर्क और विज्ञान के महिमामंडन की आलोचना।

(D) असहमति को बर्दाश्त न करना तथा सेंसरशिप लगाना।

***General Instructions :***

*Read the following instructions carefully and follow them :*

*(i)* *This question paper contains 37 questions.* ***All*** *questions are* ***compulsory****.*

*(ii)* *Question paper is divided into* ***six*** *sections –* ***Section A****,* ***B****,* ***C****,* ***D****,* ***E*** *and* ***F****.*

*(iii)* ***Section A*** *– Questions no.* ***1*** *to* ***20*** *are Multiple Choice type questions. Each question carries* ***1*** *mark.*

*(iv)* ***Section B*** *– Questions no.* ***21*** *to* ***24*** *are Very Short Answer type questions. Each question carries* ***2*** *marks. Answer to these questions should not exceed* ***40*** *words.*

*(v)* ***Section C*** *– Questions no.* ***25*** *to* ***29*** *are Short Answer type questions. Each question carries* ***3*** *marks. Answer to these questions should not exceed* ***60*** *words.*

*(vi)* ***Section D*** *– Questions no.* ***30*** *to* ***33*** *are Long Answer (LA) type questions. Each question carries* ***5*** *marks. Answer to these questions should not exceed* ***120*** *words.*

*(vii)* ***Section E*** *– Questions no.* ***34*** *to* ***36*** *are Case-based/Source-based questions with three sub-questions. Each question carries* ***4*** *marks.*

*(viii)* ***Section F*** *– Question no.* ***37*** *is Map skill-based question with two parts –* ***37(a)*** *from History (****2*** *marks) and* ***37(b)*** *from Geography (****3*** *marks). This question carries total* ***5*** *marks.*

*(ix)* *In addition to this, NOTE that a separate question has been provided for Visually Impaired candidates in lieu of questions having visual inputs, map etc. Such questions are to be attempted by Visually Impaired candidates only.*

## SECTION A

**(Multiple Choice Questions)** *(20×1=20)*

**1.** Choose the correct option from the following regarding nineteenth century 'liberalism' : *1*

(A) Monarchy, social hierarchy and property must be maintained.

(B) The abolition of state-imposed restrictions on the movement of goods and capital.

(C) Criticised the glorification of reason and science.

(D) Not tolerating dissent and imposing censorship.

**2.** द्वितीय विश्व युद्ध में धुरी शक्तियों (राष्ट्रों) से संबंधित सही विकल्प का चयन कीजिए। *1*

(A) जर्मनी, इटली और चीन

(B) ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी

(C) जर्मनी, फ्रांस और इटली

(D) जर्मनी, जापान और इटली

**3.** निम्नलिखित घटनाओं को कालक्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए : *1*

I. दमित वर्ग एसोसिएशन की स्थापना

II. गाँधी-इरविन समझौता

III. भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग परिसंघ (फिक्की) का गठन

IV. लंदन में दूसरा गोलमेज़ सम्मेलन

**विकल्प :**

(A) I, II, III, IV (B) II, I, III, IV

(C) III, I, II, IV (D) IV, I, II, III

**4.** रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए ।
आइरिश प्रेस ऐक्ट की तर्ज पर वर्नाक्यूलर प्रेस ऐक्ट _________ में पारित किया गया था। *1*

(A) 1878 (B) 1968

(C) 1887 (D) 1778

**5.** नीचे दो कथन दिए गए हैं। ये अभिकथन (A) और कारण (R) हैं। दोनों कथनों को पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए। *1*

*अभिकथन (A)* : हमें वनों और वन्य जीवों का संरक्षण करने की आवश्यकता है।

*कारण (R)* : संरक्षण से पारिस्थितिकी विविधता बनी रहती है।

**विकल्प :**

(A) (A) सही है, लेकिन (R) ग़लत है।

(B) (A) ग़लत है, लेकिन (R) सही है।

(C) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है।

(D) (A) और (R) दोनों सही हैं, लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** है।

2. Choose the correct option regarding the Axis powers in the Second World War. *1*

(A) Germany, Italy and China

(B) Britain, France and Germany

(C) Germany, France and Italy

(D) Germany, Japan and Italy

3. Arrange the following events in chronological order and choose the correct option : *1*

I. Establishment of Depressed Classes Association

II. Gandhi-Irwin Pact

III. Formation of the Indian Chambers of Commerce and Industry (FICCI)

IV. Second Round Table Conference in London

**Options :**

(A) I, II, III, IV (B) II, I, III, IV

(C) III, I, II, IV (D) IV, I, II, III

4. Choose the correct option to fill in the blank.

The Vernacular Press Act was passed in ______________ on the lines of the Irish Press Act. *1*

(A) 1878 (B) 1968

(C) 1887 (D) 1778

5. Two statements are given below. They are Assertion (A) and Reason (R). Read both the statements and choose the correct option. *1*

*Assertion (A)* : We need to protect forests and wildlife.

*Reason (R)* : Conservation maintains ecological diversity.

**Options :**

(A) (A) is true, but (R) is false.

(B) (A) is false, but (R) is true.

(C) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(D) Both (A) and (R) are true, but (R) is ***not*** the correct explanation of (A).

6. वर्षा जल संग्रहण के लिए 'टाँका' निम्नलिखित में से किस राज्य में प्रमुखता से प्रचलित हैं ? *1*

(A) तमिलनाडु (B) राजस्थान

(C) बिहार (D) झारखंड

7. रोपण कृषि की निम्नलिखित विशेषताओं को पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए : *1*

I. लंबे-चौड़े क्षेत्र में एकल फ़सल बोई जाती है।

II. यह अत्यधिक पूँजी आधारित कृषि है।

III. यह उन क्षेत्रों में की जाती है जहाँ भूमि पर जनसंख्या का दबाव अधिक होता है।

IV. खाद्यान्न फ़सलें इस प्रकार की कृषि की प्रमुख फ़सलें हैं।

**विकल्प :**

(A) केवल I व II सही हैं। (B) केवल II व III सही हैं।

(C) केवल III व IV सही हैं। (D) केवल I व IV सही हैं।

8. निम्नलिखित में से कौन-सा ऊर्जा का ग़ैर-परंपरागत स्रोत है ? *1*

(A) प्राकृतिक गैस (B) पेट्रोलियम

(C) कोयला (D) भू-तापीय ऊर्जा

9. नीचे दो कथन दिए गए हैं। ये अभिकथन (A) और कारण (R) हैं। दोनों कथनों को पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए। *1*

*अभिकथन (A)* : सत्ता की साझेदारी लोकतंत्र की आत्मा है।

*कारण (R)* : वैध सरकार वही है जिसमें अपनी भागीदारी के माध्यम से सभी समूह सरकार से जुड़ते हैं।

**विकल्प :**

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** है।

(C) (A) सही है, लेकिन (R) ग़लत है।

(D) (A) ग़लत है, लेकिन (R) सही है।

6. In which one of the following states are 'Tankas' prominently prevalent for rainwater harvesting ? *1*

(A) Tamil Nadu (B) Rajasthan

(C) Bihar (D) Jharkhand

7. Read the following features of plantation agriculture and choose the correct option : *1*

I. A single crop is grown on a large area.

II. It is capital intensive farming.

III. It is practised in areas of high population pressure on land.

IV. Food grain crops are the major crops of this type of farming.

**Options :**

(A) Only I and II are correct. (B) Only II and III are correct.

(C) Only III and IV are correct. (D) Only I and IV are correct.

8. Which one of the following is a non-conventional source of energy ? *1*

(A) Natural gas (B) Petroleum

(C) Coal (D) Geothermal energy

9. Two statements are given below. They are Assertion (A) and Reason (R). Read both the statements and choose the correct option. *1*

*Assertion (A)* : Power sharing is the spirit of democracy.

*Reason (R)* : A legitimate government is one where all the groups connect with the government through their participation.

**Options :**

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is ***not*** the correct explanation of (A).

(C) (A) is true, but (R) is false.

(D) (A) is false, but (R) is true.

10. सत्ता का ऊर्ध्वाधर वितरण है : *1*

(A) शासन के विभिन्न अंगों में सत्ता का बँटवारा।

(B) विभिन्न सामाजिक समूहों में सत्ता का बँटवारा।

(C) विभिन्न दबाव समूहों में सत्ता का बँटवारा।

(D) सरकार के विभिन्न स्तरों पर सत्ता का बँटवारा।

11. निम्नलिखित में से संघीय राजनीतिक व्यवस्था वाले देशों को पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए : *1*

I. संयुक्त राज्य अमेरिका

II. चीन

III. जापान

IV. भारत

**विकल्प :**

(A) केवल I व II सही हैं।

(B) केवल II व III सही हैं।

(C) केवल III व IV सही हैं।

(D) केवल I व IV सही हैं।

12. श्रीलंका में निम्नलिखित में से कौन-सा समुदाय बहुसंख्या में है? *1*

(A) सिंहली

(B) भारत मूल के तमिल

(C) श्रीलंकाई तमिल

(D) ईसाई

13. भारत में विधायी अधिकारों की समवर्ती सूची से संबंधित सही विकल्प का चयन कीजिए। *1*

(A) मुद्रा, सिंचाई, गोद लेना और कंप्यूटर सॉफ्टवेयर

(B) प्रतिरक्षा, विदेशी मामले, बैंकिंग और संचार

(C) पुलिस, व्यापार, वाणिज्य और कृषि

(D) शिक्षा, वन, विवाह और गोद लेना

14. भारत में राजनीतिक दलों में सुधार के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा आदेश सर्वोच्च न्यायालय ने जारी किया? *1*

(A) सभी दलों को सांगठनिक चुनाव कराना अनिवार्य है।

(B) सभी दलों को आयकर रिटर्न भरना अनिवार्य है।

(C) सभी उम्मीदवारों को शपथ-पत्र द्वारा आपराधिक मामलों का ब्योरा देना अनिवार्य है।

(D) दलों के आंतरिक कामकाज को व्यवस्थित करने के आदेश जारी करना।

**10.** Vertical division of power is : *1*

(A) Power is shared among different organs of government.

(B) Power is shared among different social groups.

(C) Power is shared among different pressure groups.

(D) Power is shared among different levels of governments.

**11.** Refer to the following countries with federal political system and choose the correct option : *1*

I. United States of America

II. China

III. Japan

IV. India

**Options :**

(A) Only I and II are correct.

(B) Only II and III are correct.

(C) Only III and IV are correct.

(D) Only I and IV are correct.

**12.** Which one of the following is the majority community in Sri Lanka ? *1*

(A) Sinhalas

(B) Indian Tamils

(C) Sri Lankan Tamils

(D) Christians

**13.** Choose the correct option regarding the Concurrent List of legislative rights in India. *1*

(A) Currency, Irrigation, Adoption and Computer Software

(B) Defense, Foreign Affairs, Banking and Communication

(C) Police, Business, Commerce and Agriculture

(D) Education, Forest, Marriage and Adoption

**14.** Which one of the following orders has been passed by the Supreme Court to reform political parties in India ? *1*

(A) It is mandatory for all parties to hold organizational elections.

(B) It is mandatory for all parties to file income tax returns.

(C) It is mandatory for all the candidates to give details of criminal cases on affidavit.

(D) Issuing orders to regulate the internal working of parties.

**15.** निम्नलिखित में से कौन-सा बैंकों की आय का प्रमुख स्रोत है ? *1*

(A) रिज़र्व बैंक से प्राप्त धन

(B) माँग जमा से प्राप्त धन

(C) कर्ज़दार से ऋण के ब्याज के रूप में प्राप्त धन

(D) दोषी कर्ज़दार की संपत्ति से प्राप्त धन

**16.** भारत में ग्रामीण परिवारों के लिए ऋण की आवश्यकताओं को निम्नलिखित में से कौन-सा स्रोत सबसे अधिक मात्रा में पूरा करता है ? *1*

(A) व्यावसायिक बैंक (B) सहकारी समितियाँ

(C) साहूकार (D) व्यापारी

**17.** दिए गए चित्र का अध्ययन कीजिए। चित्र में होने वाला कार्य अर्थव्यवस्था के निम्नलिखित में से किस क्षेत्रक के अंतर्गत आता है ? *1*



(A) प्राथमिक (B) द्वितीयक

(C) तृतीयक (D) चतुर्थक

***नोट :*** *निम्नलिखित प्रश्न केवल* ***दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों*** *के लिए प्रश्न संख्या 17 के स्थान पर है।*

पशुपालन अर्थव्यवस्था के निम्नलिखित में से किस क्षेत्रक के अंतर्गत आता है ? *1*

(A) प्राथमिक (B) द्वितीयक

(C) तृतीयक (D) चतुर्थक

**15.** Which one of the following is the main source of a bank's income ? *1*

(A) Money obtained from Reserve Bank

(B) Money received from demand deposit

(C) Money obtained as interest on loan from the borrower

(D) Money received from the property of a defaulting borrower

**16.** Which one of the following sources meets the needs of loan of rural households in India to the maximum extent ? *1*

(A) Commercial Bank

(B) Cooperative Societies

(C) Moneylender

(D) Businessman

**17.** Study the given picture. The work being done in the picture comes under which of the following sectors of the economy ? *1*



(A) Primary

(B) Secondary

(C) Tertiary

(D) Quaternary

***Note :*** *The following question is for the* ***Visually Impaired Candidates*** *only, in lieu of Q.No.* ***17****.*

Animal husbandry comes under which of the following sectors of the economy ? *1*

(A) Primary

(B) Secondary

(C) Tertiary

(D) Quaternary

18. अर्थव्यवस्था के क्षेत्रकों से संबंधित सही जोड़े के विकल्प का चयन कीजिए। *1*

(A) प्राथमिक – खनन

(B) द्वितीयक – फूलों की खेती

(C) तृतीयक – मत्स्यन

(D) द्वितीयक – मधुमक्खी पालन

19. निम्नलिखित में से किस राज्य का मानव विकास सूचकांक सर्वाधिक है ? *1*

(A) पंजाब (B) गुजरात

(C) राजस्थान (D) केरल

20. रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए।

विश्व व्यापार संगठन ____________ देशों की पहल पर शुरू हुआ था। *1*

(A) विकसित (B) विकासशील

(C) गुट-निरपेक्ष (D) साम्यवादी

## खण्ड ख

### (अति लघु-उत्तरीय प्रश्न) *(4×2=8)*

21. (a) रेशम मार्ग (सिल्क रूट) ने किस प्रकार दुनिया को जोड़ा था ? किन्हीं दो उदाहरणों सहित स्पष्ट कीजिए। *2*

**अथवा**

(b) हमारे खाद्य पदार्थों ने दूर देशों के बीच किस प्रकार सांस्कृतिक आदान-प्रदान सुगम किया था ? किन्हीं दो उदाहरणों सहित स्पष्ट कीजिए। *2*

22. "अनेक खनिज अवसादी चट्टानों की परतों या संस्तरों में पाए जाते हैं।" उदाहरण सहित इस कथन की पुष्टि कीजिए। *2*

23. संघीय व्यवस्था की सफलता के लिए संवैधानिक प्रावधानों का होना क्यों आवश्यक है ? स्पष्ट कीजिए। *2*

24. वैश्वीकरण को संभव बनाने में सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी की भूमिका का विश्लेषण कीजिए। *2*

18. Choose the correct pair regarding the sectors of economy. *1*

(A) Primary – Mining

(B) Secondary – Flower cultivation

(C) Tertiary – Fishing

(D) Secondary – Bee-keeping

19. Which one of the following states has the highest Human Development Index ? *1*

(A) Punjab (B) Gujarat

(C) Rajasthan (D) Kerala

20. Choose the correct option to fill in the blank.

World Trade Organisation was started at the initiative of the ________ countries. *1*

(A) Developed (B) Developing

(C) Non-aligned (D) Communist

## SECTION B

**(Very Short Answer Type Questions)** *(4×2=8)*

21. (a) How did the Silk Route connect the world ? Explain with any two examples. *2*

**OR**

(b) How did our foods facilitate cultural exchanges between distant countries ? Explain with any two examples. *2*

22. "In sedimentary rocks a number of minerals occur in beds or layers.'' Support the statement with example. *2*

23. Why are constitutional provisions necessary for the success of federalism ? Explain. *2*

24. Analyse the role of Information and Communication Technology in making globalization possible. *2*

~~~

## खण्ड ग

**(लघु-उत्तरीय प्रश्न)** *(5×3=15)*

**25.** (a) असहयोग आंदोलन के आर्थिक प्रभावों का विश्लेषण कीजिए। *3*

**अथवा**

(b) "भारत में आधुनिक राष्ट्रवाद के उदय की परिघटना उपनिवेशवाद विरोधी आंदोलन के साथ गहरे तौर पर जुड़ी हुई थी।" इस कथन का विश्लेषण कीजिए। *3*

**26.** संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग के लिए किस प्रकार नियोजन एक सर्वमान्य रणनीति है ? उदाहरणों सहित स्पष्ट कीजिए। *3*

**27.** भारतीय किसानों को शस्यावर्तन क्यों करना चाहिए ? किन्हीं तीन कारणों की व्याख्या कीजिए। *3*

**28.** वर्तमान समय में भारतीय राजनीतिक दलों के समक्ष किन्हीं तीन चुनौतियों की व्याख्या कीजिए। *3*

**29.** "लोगों के विकास के लक्ष्य भिन्न हो सकते हैं।" इस कथन की उदाहरणों सहित व्याख्या कीजिए। *3*

## खण्ड घ

**(दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न)** *(4×5=20)*

**30.** (a) "1830 का दशक यूरोप में भारी आर्थिक कठिनाई लेकर आया।" इस कथन की उदाहरणों सहित पुष्टि कीजिए। *5*

**अथवा**

(b) "उन्नीसवीं शताब्दी के आरंभ में यूरोप में राष्ट्र के विचारों के निर्माण में संस्कृति ने एक अहम भूमिका निभाई।" इस कथन की उदाहरणों सहित पुष्टि कीजिए । *5*
~~~

## SECTION C

**(Short Answer Type Questions)** *(5×3=15)*

**25.** (a) Analyse the economic impacts of the Non-Cooperation Movement. *3*

**OR**

(b) ''In India, the growth of modern nationalism was intimately connected to the anti-colonial movement.'' Analyse the statement. *3*

**26.** How is planning a widely accepted strategy for judicious use of resources ? Explain with examples. *3*

**27.** Why should Indian farmers practice crop rotation ? Explain any three reasons. *3*

**28.** Explain any three challenges before Indian political parties in the present time. *3*

**29.** "People can have different developmental goals." Explain the statement with examples. *3*

## SECTION D

**(Long Answer Type Questions)** *(4×5=20)*

**30.** (a) "The 1830s were years of great economic hardship in Europe." Support the statement with examples. *5*

**OR**

(b) "Culture played an important role in creating the ideas of a nation in Europe during the early nineteenth century." Explain the statement with examples. *5*

**31.** (a) भारतीय अर्थव्यवस्था में उद्योगों के महत्त्व की व्याख्या कीजिए। *5*

**अथवा**

(b) उद्योग वायु प्रदूषण के लिए किस प्रकार उत्तरदायी हैं ? इसकी रोकथाम के लिए किन्हीं तीन उपायों को सुझाइए। *2+3=5*

**32.** (a) लोकतंत्र किस प्रकार किन्हीं अन्य शासन व्यवस्थाओं से बेहतर है ? उदाहरणों सहित स्पष्ट कीजिए। *5*

**अथवा**

(b) लोकतंत्र किस प्रकार सामाजिक विविधताओं में सामंजस्य स्थापित करता है ? उदाहरणों सहित स्पष्ट कीजिए। *5*

**33.** (a) भारत में तृतीयक क्षेत्रक के बढ़ते महत्त्व की व्याख्या कीजिए। *5*

**अथवा**

(b) संगठित एवं असंगठित क्षेत्रकों में अंतर स्पष्ट कीजिए। *5*

## खण्ड ङ

### (केस-आधारित / स्रोत-आधारित प्रश्न) *(3×4=12)*

**34.** दिए गए स्रोत को पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

***जिक्जी***

कोरिया की *जिक्जी (Jikji)* मूवेबल मेटल टाइप (Movable metal type) के साथ मुद्रित दुनिया की सबसे पुरानी मौजूदा पुस्तकों में से है। इसमें ज़ेन (Zen) बौद्ध धर्म की मुख्य विशेषताएँ हैं। पुस्तक में भारत, चीन और कोरिया के लगभग 150 बौद्ध भिक्षुओं का उल्लेख किया गया है। इसे 14वीं शताब्दी के अंत में मुद्रित किया गया था। पुस्तक का पहला खंड उपलब्ध नहीं है, दूसरा खंड फ्रांस की नेशनल लाइब्रेरी में उपलब्ध है। यह कार्य मुद्रण संस्कृति में एक महत्त्वपूर्ण तकनीकी परिवर्तन साबित हुआ। यही कारण है कि इसे 2001 में यूनेस्को मेमोरी ऑफ़ द वर्ल्ड रजिस्टर में अंकित किया गया।

(34.1) मुद्रण के इतिहास में जिक्जी के महत्त्व का उल्लेख कीजिए। *1*

(34.2) जिक्जी को 2001 में यूनेस्को मेमोरी ऑफ़ द वर्ल्ड रजिस्टर में क्यों अंकित किया गया ? *1*

(34.3) ज़ेन बौद्ध धर्म की समझ में जिक्जी किस प्रकार योगदान देता है ? *2*

31. (a) Explain the significance of industries in the Indian economy. *5*

**OR**

(b) How are industries responsible for air pollution ? Suggest any three measures to control it. *2+3=5*

32. (a) How is democracy better than any other form of government ? Explain with examples. *5*

**OR**

(b) How does democracy accommodate social diversities ? Explain with examples. *5*

33. (a) Explain the rising importance of the tertiary sector in India. *5*

**OR**

(b) Explain the difference between organized and unorganized sectors. *5*

## SECTION E

### (Source-Based/Case-Based Questions) *(3×4=12)*

34. Read the given source and answer the questions that follow :

***Jikji***

The *Jikji* of Korea is among the world's oldest existing books printed with movable metal type. It contains the essential features of Zen Buddhism. About 150 monks of India, China and Korea are mentioned in the book. It was printed in late $14^{th}$ century. While the first volume of the book is unavailable, the second one is available in the National Library of France. This work marked an important technical change in the print culture. That is why it was inscribed on the UNESCO Memory of the World Register in 2001.

(34.1) Mention the significance of the Jikji in the history of printing. *1*

(34.2) Why was the Jikji inscribed on the UNESCO Memory of the World Register in 2001 ? *1*

(34.3) How does the Jikji contribute to the understanding of Zen Buddhism ? *2*

**35.** दिए गए स्रोत को पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

**सामाजिक और धार्मिक विविधता**

भारत की जनगणना में प्रत्येक दस साल बाद सभी नागरिकों के धर्म को दर्ज किया जाता है। जनगणना विभाग के आदमी घर-घर जाकर लोगों से उनके बारे में सूचनाएँ जुटाते हैं। धर्म समेत सभी बातों के बारे में लोग जो कुछ बताते हैं, ठीक वैसा ही फार्म में दर्ज किया जाता है। अगर कोई कहता है कि वह 'नास्तिक' है या 'किसी धर्म को नहीं मानता' तो फार्म में भी इसे वैसे ही दर्ज कर दिया जाता है। इस कारण देश में विभिन्न धर्मों को मानने वाले लोगों की संख्या और उनके अनुपात में आए किसी बदलाव के बारे में हमारे पास विश्वसनीय सूचनाएँ हैं। रिकार्ड से देश के छह प्रमुख धार्मिक समुदायों की आबादी के अनुपात का पता चलता है। आज़ादी के बाद से प्रत्येक धार्मिक समुदाय की आबादी में काफ़ी वृद्धि हुई है।

(35.1) भारत में जनगणना किस अंतराल पर की जाती है ? *1*

(35.2) भारत में जनगणना के आँकड़ों को विश्वसनीय क्यों माना जाता है ? *1*

(35.3) भारत में सामाजिक विविधता को समझने के लिए जनगणना किस प्रकार एक महत्त्वपूर्ण उपकरण है ? *2*

**36.** दिए गए स्रोत को पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

**विकास की धारणीयता**

"हाल के प्रमाणों से पता चलता है कि देश के कई भागों में भूमिगत जल का अति-उपयोग होने का गंभीर संकट है। लगभग 300 जिलों से सूचना मिली है कि वहाँ पिछले 20 सालों में पानी के स्तर में 4 मीटर से अधिक की गिरावट आई है। देश का लगभग एक-तिहाई भाग, भूमिगत जल भण्डारों का अति-उपयोग कर रहा है। यदि इस साधन के प्रयोग करने का वर्तमान तरीका जारी रहा तो अगले 25 वर्षों में देश का 60 प्रतिशत भाग इस साधन का अति-उपयोग कर रहा होगा। भूमिगत जल का अति-उपयोग विशेष रूप से पंजाब और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कृषि की दृष्टि से समृद्ध क्षेत्रों, मध्य और दक्षिण भारत के चट्टानी पठारी क्षेत्रों, कुछ तटवर्ती क्षेत्रों और तेज़ी से विकसित होती शहरी बस्तियों में पाया जाता है।"

(36.1) विकास की धारणीयता का अर्थ स्पष्ट कीजिए। *1*

(36.2) भूमिगत जल के अति-उपयोग के कारण होने वाले गंभीर संकट का वर्णन कीजिए। *1*

(36.3) कृषि में भूमिगत जल के अति-उपयोग को कम करने के लिए कृषकों के लिए किन्हीं दो सुझावों का उल्लेख कीजिए। *2*

35. Read the given source and answer the questions that follow :

**Social and Religious Diversity**

The Census of India records the religion of each and every Indian after every ten years. The person who fills the Census form visits every household and records the religion of each member of that household exactly the way each person describes it. If someone says she has 'no religion' or that he is an 'atheist', this is exactly how it is recorded. Thus we have reliable information on the proportion of different religious communities in the country and how it has changed over the years. The record shows the population proportion of six major religious communities in the country. Since Independence, the total population of each community has increased substantially.

(35.1) At what interval is census conducted in India ? *1*

(35.2) Why are Indian census data considered reliable ? *1*

(35.3) How is the census an important tool to understand the social diversity in India ? *2*

36. Read the given source and answer the questions that follow :

**Sustainability of Development**

"Recent evidence suggests that the groundwater is under serious threat of overuse in many parts of the country. About 300 districts have reported a water level decline of over 4 metres during the past 20 years. Nearly one-third of the country is overusing their groundwater reserves. In another 25 years, 60 per cent of the country would be doing the same if the present way of using this resource continues. Groundwater overuse is particularly found in the agriculturally prosperous regions of Punjab and Western U.P., hard rock plateau areas of central and south India, some coastal areas and the rapidly growing urban settlements."

(36.1) Explain the meaning of Sustainability of Development. *1*

(36.2) Describe the serious threat caused by overuse of underground water. *1*

(36.3) Mention any two suggestions for the farmers to reduce the overuse of the groundwater in agriculture. *2*

〰

## खण्ड च

**(मानचित्र कौशल-आधारित प्रश्न)** *(2+3=5)*

**37.** (a) **भारत** के दिए गए राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 23 पर) में, दो स्थानों को 'A' और 'B' के रूप में अंकित किया गया है। निम्नलिखित जानकारी की सहायता से उन्हें पहचानिए और उनके सही नाम उनके समीप खींची गई रेखाओं पर लिखिए :

A. वह स्थान जहाँ गाँधीजी ने किसानों की सहायता के लिए सत्याग्रह किया। *1*

B. वह स्थान जहाँ 1927 में भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस का अधिवेशन हुआ था। *1*

(b) **भारत** के इसी राजनीतिक रेखा-मानचित्र में, निम्नलिखित में से किन्हीं ***तीन*** को उपयुक्त चिह्नों से दर्शाइए और उनके नाम लिखिए : *3×1=3*

(i) कॉफी उत्पादन में अग्रणी राज्य

(ii) दुर्ग : प्रमुख लौह-अयस्क की खानें

(iii) कोच्चि : प्रमुख समुद्री पत्तन

(iv) राजीव गाँधी अंतर्राष्ट्रीय वायु पत्तन

***नोट :*** *निम्नलिखित प्रश्न केवल* ***दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों*** *के लिए प्रश्न संख्या 37 के स्थान पर है।*

*किन्हीं* ***पाँच*** *प्रश्नों के उत्तर दीजिए।* *5×1=5*

(37.1) उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ गाँधीजी ने किसानों की सहायता के लिए सत्याग्रह किया।

(37.2) उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ 1927 में भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस का अधिवेशन हुआ था।

(37.3) कॉफी उत्पादन में अग्रणी भारतीय राज्य का नाम लिखिए।

(37.4) उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ दुर्ग लौह-अयस्क की खानें स्थित हैं।

(37.5) उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ कोच्चि समुद्री पत्तन स्थित है।

(37.6) उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ राजीव गाँधी अंतर्राष्ट्रीय वायु पत्तन स्थित है।

## SECTION F

**(Map Skill-Based Questions)** *(2+3=5)*

**37.** (a) Two places 'A' and 'B' have been marked on the given political outline map of **India** (on page 23). Identify them with the help of the following information and write their correct names on the lines drawn near them :

A. The place where Gandhiji organized Satyagraha to help the peasants. *1*

B. The place where the session of the Indian National Congress was held in 1927. *1*

(b) On the same political outline map of **India**, locate and label any ***three*** of the following with suitable symbols : *3×1=3*

(i) Leading Coffee-producing State

(ii) Durg : Major iron-ore mines

(iii) Kochi : Major sea port

(iv) Rajiv Gandhi International Airport

***Note :*** *The following questions are only for the* ***Visually Impaired Candidates*** *only, in lieu of Q.No.* ***37****.*

*Attempt any* ***five*** *questions.* *5×1=5*

(37.1) Name the place where Gandhiji organised Satyagraha to help the peasants.

(37.2) Name the place where the session of the Indian National Congress was held in 1927.

(37.3) Name the leading Coffee-producing State of India.

(37.4) Name the state where Durg iron-ore mines are located.

(37.5) Name the state where Kochi sea port is located.

(37.6) Name the place where Rajiv Gandhi International Airport is located.

प्रश्न सं. 37 के लिए For question no. 37

